▪ ज्येष्ठ शुक्ल - 9 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 317 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » शनिवार » 15-06-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित


# माहेश्वरी सभा, बेंगलुरु

*Celebrating Glorious 50 years*

E-mail : mahsabblr@gmail.com | Website : www.msblr.org

## 50वें स्वर्णिम वर्ष एवं माहेश्वरी समाज का 5157वाँ उत्पत्ति दिवस महेश नवमी के पावन पर्व पर हार्दिक मंगल शुभकामनाएं



### महेश नवमी समारोह

**दिनांक : 15-06-2024, शनिवार**

रुद्राभिषेक : प्रातः 7-30 बजे से
पाठ्य सामग्री वितरण : सुबह 11-00 बजे से
अन्नदान : मध्यान 12-15 बजे से

**दिनांक : 16-06-2024, रविवार**

सुबह 10-30 बजे से
रक्तदान शिविर ✻ चित्रकला प्रतियोगिता
फैंसी ड्रेस ✻ वरिष्ठ सदस्य सम्मान
विशिष्ट उपलब्धि सम्मान
मेधावी छात्र-छात्राओं को सरस्वती पुरस्कार

नवलकिशोर मालु — अध्यक्ष
अजय राठी — सचिव
कार्यसमिति सदस्यगण

✻ शुभकामनाओं सहित ✻
माहेश्वरी सभा ✻ माहेश्वरी महिला संगठन
माहेश्वरी युवा संघ ✻ माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट
माहेश्वरी फाउण्डेशन
माहेश्वरी सौ. क्रे. को-ऑप. सो. लि.

### रुद्राभिषेक के लाभार्थी

श्री अजय श्रीकिशन मालपानी परिवार ✻ जाजु परिवार, राजाजीनगर ✻ श्री मुकेश चितलांगिया परिवार
श्री मुकेश बलदवा परिवार ✻ श्री नन्दकिशोर मालु परिवार ✻ श्री रघुनाथ तोषनीवाल परिवार
श्री राजेश मारू परिवार ✻ श्री सुरेश बियाणी परिवार

### शुभकामनाओं सहित

अट्टल श्री हरीनारायण
आगीवाल श्री प्रहलाद
इनानी श्री गोपालदास
कामधेनु ग्रेनाइट - होसूर
काबरा श्री अनिल - माहेश्वरी इलेक्ट्रॉनिक
काबरा श्री कैलाशचंद
काबरा श्री गोविंद
काबरा श्री नारायण
काबरा श्री महावीरप्रसाद
काबरा श्री सतीश
काबरा श्री श्याम मनोहर
कचोलिया श्री श्यामसुंदर ओमप्रकाश
करनानी श्री कमल
कोठारी श्री सूर्यप्रकाश
गट्टानी श्री प्रदीप
गिल्डा मुथा स्व. प्रेमसुख ओमप्रकाश परिवार
गिल्डा मुथा श्री भंवरलाल दिनेश हितेश
गिल्डा श्री राजगोपाल
चांडक श्री कन्हैयालाल अरविन्द
चांडक श्री मनीष
चांडक श्री राजेश
जाजू श्रीमती जशोदादेवी तारादेवी
जाजू श्री विष्णुकांत
झँवर श्री रेवंतमल विकास
डागा श्री लक्ष्मीनारायण देवकीनन्दन
डागा श्री विठ्ठल वल्लभ
तापड़िया श्री निर्मलकुमार

तापड़िया श्री श्यामसुंदर
दमानी श्री कमलकुमार
दरक श्री नंदकिशोर शिवरतन
धूत श्री श्रीवल्लभ
धूत श्री शिवप्रकाश
पलोड़ श्री प्रतीक भारत - साहित्यकार
पेड़ीवाल श्री मुकेश पंकज
फलोड़ श्री संजय
बागड़ी श्री इंद्रचंद
बागड़ी श्री घनश्यामदास देवेन्द्र
बजाज श्री मनोजकुमार सुरेशकुमार
बजाज श्री महेशकुमार गोपीकिशन
बजाज परिवार - एवन प्लास्ट इंडस्ट्रीज प्रा.लि.
बलदवा श्री भगवान
बलदवा श्री मधुसूदन
बाहेती श्री मधुसूदन
बिहाणी श्री शोभाचंद चिरंजीलाल
बियानी श्री विनितकुमार शुभम
बूब श्री नन्दकिशोर
भूतड़ा श्री आर. के. डॉ रजत माहेश्वरी
भूतड़ा श्री गोपाल विवेक
भूतड़ा श्री जगदीश कार्तिक
भूतड़ा श्री महेन्द्र अशोक
भूतड़ा श्री राजगोपाल श्रीकान्त
भुतड़ा श्री राजेन्द्रप्रसाद रमेशकुमार
भुतड़ा श्री रामेश्वरलाल विकास
भण्डारी श्री बद्रीनारायण

भैया श्री ओमप्रकाश
मधुसूदन मार्बल - जिगनी
मालपानी श्री हनुमानप्रसाद चन्द्रप्रकाश
मालानी श्री सत्यनारायण राजकुमार
मालानी श्री नीरज
मर्दा श्री राजगोपाल श्रीराम
मांधना श्री अरुणकुमार
मंत्री श्री ओमप्रकाश अंकित
मंत्री श्री भंवरलाल नारायण एवं परिवार
माहेश्वरी श्री बनवारीलाल मनीष
माहेश्वरी श्री गोपाल अमित
माहेश्वरी श्री मोहनलाल
मोहत्ता श्री गोपाल
मूंदड़ा श्री रामकिशन
मूंदड़ा श्री रामगोपाल
मेसर्स श्री अलॉयज - जिगनी
मेसर्स लिहांश कॉर्पोरेशन
राठी श्री आशीष
राठी श्री गोपाल (CA)
राठी श्री ताराचंद अजय
राठी श्री नंदकिशोर
राठी श्री पवन
राठी श्री मंगेश
राठी श्री लक्ष्मीकांत रामकिशन
राठी श्रीमती सुशीला कन्हैयालाल
राठी श्रीमती सीतादेवी जीवराज
रांदड़ श्री अमित

रांदड़ श्री महेशचंद सुरेश
रांदड़ श्री राधेश्याम
रांदड़ श्री श्यामसुंदर
लढ्ढा श्री अमित
लढ्ढा श्री नवीन प्रवीण
लढ्ढा श्री राजकुमार
लाहोटी श्री रमेशचन्द्र भगवानदास
सामरिया श्री राजीव वेदांत
साबू श्री श्रीराम
साबू श्री विजयकुमार
साबू श्री संजय दीपक
सारड़ा श्री आशाराम
सारड़ा श्री गणेशदास
सारड़ा श्री गौरीशंकर
सारड़ा श्री गोविन्द हिमांशु
सारड़ा श्री द्वारकाप्रसाद राजेश
सारड़ा श्री निरंजन हरिकिशन
सारड़ा श्री श्रीगोपाल
सारड़ा श्री शिरीश श्रीकान्त
सोढ़ानी श्री दिलीप प्रदीप
सोमानी श्री मोहनलाल वरूण
सोमानी श्री देवेन्द्र
सोमानी श्री रमेश
सोमानी श्री रवि
सोनी श्री सीताराम गोपाल
श्री तिरूपति स्टीलकास्ट लि.-हिन्दुपुर
हेडा श्री रामाकान्त श्यामसुन्दर

## थाने में अभिनेता दर्शन के साथ 'शाही सलूक' की खबरों को गृह मंत्री परमेश्वर ने किया खारिज

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने शुक्रवार को इन खबरों को खारिज कर दिया कि कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीपा और उनके साथियों से यहां एक थाने में 'शाही बर्ताव' किया



जा रहा है जहां उन्हें एक हत्याकांड के सिलसिले में गिरफ्तारी के बाद रखा गया है। परमेश्वर ने कहा कि दर्शन के साथ अन्य आरोपियों सरीखा ही व्यवहार हो रहा है। उन्होंने कहा कि ना तो उन्हें बिरयानी दी गई और ना ही उन्हें विशेष सुविधाएं प्रदान की जा रहीं। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''मैं पुलिस को जनता के हित में आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दूंगा, लेकिन हमें उन्हें स्वतंत्र रूप से जांच करने देनी चाहिए। आरोपियों को बिरयानी देना और उनके साथ शाही सलूक करना पुलिस के लिए संभव नहीं है। ऐसा नहीं किया गया है और ऐसा नहीं किया जाना चाहिए।' मंत्री ने कहा, ''आपसे (मीडिया से) ऐसी शिकायतें सुनने पर मैंने पूछताछ की। उन्होंने (पुलिस) कहा, ऐसी कोई सुविधा नहीं दी जा रही है और ऐसा नहीं किया जाएगा। अन्य आरोपियों के साथ जैसा व्यवहार किया जाता है, उनके (दर्शन के) साथ भी वैसा ही व्यवहार किया जा रहा है। कोई दया नहीं दिखाई जा रही....उन्हें (पुलिस को) खुली छूट दी जानी चाहिए। मैंने (बेंगलूरु पुलिस) आयुक्त से भी बात की है।''

## उच्च न्यायालय ने सीआईडी को पोक्सो मामले में येडीयुरप्पा को गिरफ्तार करने से रोका

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को



अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) को एक पॉक्सो मामले में पूर्व मुख्यमंत्री येडीयुरप्पा को गिरफ्तार न करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने वरिष्ठ भाजपा नेता येडीयुरप्पा को भी इस पॉक्सो मामले की जांच कर रही सीआईडी के समक्ष 17 जून को पेश होने का निर्देश दिया। बेंगलूरु की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को येडीयुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो मामले में गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। यह मामला इस वर्ष 14 मार्च को दर्ज किया गया था। सीआईडी के विशेष जांच दल ने बुधवार को पूछताछ के लिए येडीयुरप्पा के पेश नहीं होने पर उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का अनुरोध करते हुए त्वरित (फास्ट ट्रैक) अदालत का दरवाजा खटखटाया था। येडीयुरप्पा ने सीआईडी ङ्कङ्कके जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने के लिए समय मांगा था। खबरों के अनुसार वरिष्ठ भाजपा नेता नयी दिल्ली में किसी अज्ञात' स्थान पर चले गये हैं। पुलिस के अनुसार, येडीयुरप्पा पर 17 वर्षीय एक किशोरी की मां की शिकायत के आधार पर यौन अपराधों से बच्चों को संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज किया गया है। किशोरी की मां ने येडीयुरप्पा पर आरोप लगाया कि उन्होंने इस साल दो फरवरी को यहां डॉलर्स कॉलोनी स्थित अपने आवास पर एक भेंट के दौरान उसकी बेटी का यौन उत्पीड़न किया था।

## भ्रष्टाचार में लिप्त सरकार का अपमानजनक कदम : प्रह्लाद जोशी

हुब्बल्ली/दक्षिण भारत। केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि राज्य में अबतक सबसे लोकप्रिय नेता और



पूर्व मुख्यमंत्री 81 वर्षीय बीएस येडीयुरप्पा पर राज्य सरकार द्वारा पॉस्को मामला दर्ज करना अन्याय है। यह सरकार का अपमानजनक कदम है। केंद्र की एनडीए सरकार में दूसरी बार मंत्री बनने के बाद शुक्रवार को जब वह हुब्बल्ली पहुंचे जोशी ने मीडिया से बात की। उन्होंने आक्रोश जताया कि कोर्ट द्वारा राहुल गांधी पर गैर जमानती वारंट जारी करने के बाद राज्य में ऐसा विकास हो रहा है और कांग्रेस सरकार बदले की राजनीति कर रही है। सरकार पहले ही वाल्मिकी विकास बोर्ड में 187 करोड़ के भ्रष्टाचार के मामले में लिप्त है और उसे भटकाने की कोशिश कर रही है। इस भ्रष्टाचार के मामले में राज्य के मंत्री नागेन्द्र को इस्तीफा देना पड़ा है। इसके चलते मुख्यमंत्री सिद्दरामैया इस तरह के कदम उठा रहे हैं। जोशी ने कहा कि लगता है इस भ्रष्टाचार कांड में मुख्यमंत्री सिद्दरामैया का भी हाथ है। अन्यथा 187 करोड़ रुपए विभिन्न खातों में ट्रांसफर नहीं हो पाते। कर्नाटक सरकार ने खुद विशेष लोक अभियोजक के माध्यम से येडीयुरप्पा के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी करने के लिए अदालत में याचिका दायर की है। माना जा रहा है कि इससे येडीयुरप्पा और बीजेपी को झटका लगेगा।



## 'हसिरू रक्षक' के तहत इस साल दो लाख पौधे लगाए जाएंगे : डी के शिवकुमार

**मैंने निर्देश दिया था कि यह कार्यक्रम स्कूली बच्चों द्वारा संचालित किया जाना चाहिए, लेकिन अधिकारी शायद इसे भूल गए हैं। आजकल छात्र बड़ों की तुलना में बहुत अधिक स्पष्टवादी हैं। उन्होंने कहा, बहुत पहले प्रसिद्ध उद्योगपति खोडे के परिवार में एक शादी थी।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने शुक्रवार को कहा कि इस साल स्कूली छात्रों द्वारा 'हसिरू रक्षक' कार्यक्रम के तहत बेंगलूरु में दो लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। ब्रांड बेंगलूरु पहल के तहत कब्बन पार्क में आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस 2024 कार्यक्रम में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, स्कूली छात्रों ने हसिरू रक्षक (हरियाली के रक्षक) कार्यक्रम के तहत अब तक 52,000 पौधे लगाए हैं।

हम और अधिक स्कूलों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि इस साल दो लाख पौधे लगाए जाएं। उन्होंने कहा, हमारा अस्तित्व हरियाली पर निर्भर है। पौधे कल के पेड़ हैं। पेड़ बारिश सुनिश्चित करते हैं और हमें जीवित रहने के लिए पानी की आवश्यकता होती है। मुझे खुशी है कि आप इस पर्यावरण संरक्षण गतिविधि का हिस्सा हैं।

उन्होंने कहा कि बेंगलूरु निर्माता नाड़प्रभु केम्पे गौड़ा को इस बात का बिल्कुल भी अंदाज़ा नहीं था कि बेंगलूरु इतना बड़ा हो जाएगा। बेंगलूरु सभी मोर्चों पर तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। हमारे पूर्वजों ने बेंगलूरु में हरियाली सुनिश्चित की और यह हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम इस विरासत को जारी रखें। इसलिए हमने हसिरू रक्षक कार्यक्रम शुरू किया है।

उन्होंने कहा कि बेंगलूरु का तापमान शायद ही कभी 28 डिग्री से ज़्यादा होता था, लेकिन अब यह 36 डिग्री से ज़्यादा हो गया है। हमारी सरकार ने विभिन्न विभागों के तहत बेंगलूरु शहर को हरा-भरा बनाने के लिए 310 करोड़ रुपये अलग रखे हैं। 15वें वित्त आयोग ने भी बेंगलूरु में पर्यावरण संरक्षण के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। स्कूली छात्रों को पूरी सावधानी से पौधे लगाने चाहिए और उनका पालन-पोषण करना चाहिए ताकि हमारा भविष्य सुरक्षित रहे।

उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि राज्य में बारिश की कमी के कारण लगभग 200 तालुकों को भयंकर सूखे का सामना करना पड़ा। बेंगलूरु में भी पानी की कमी हुई। उन्होंने कहा कि 'हसिरू रक्षक' जैसे कार्यक्रम यह सुनिश्चित करेंगे कि भविष्य में इस तरह के सूखे की स्थिति न आए।

उन्होंने कहा, मैंने निर्देश दिया था कि यह कार्यक्रम स्कूली बच्चों द्वारा संचालित किया जाना चाहिए, लेकिन अधिकारी शायद इसे भूल गए हैं। आजकल छात्र बड़ों की तुलना में बहुत अधिक स्पष्टवादी हैं। उन्होंने कहा, बहुत पहले प्रसिद्ध उद्योगपति खोडे के परिवार में एक शादी थी। उन्होंने ताम्बुल के साथ एक चॉकलेट भी दी। जब मैंने पूछा कि जब कई मेहमान चॉकलेट नहीं खाते हैं तो चॉकलेट क्यों दी जा रही है, तो उन्होंने कहा कि बड़े लोग बच्चों को चॉकलेट देते हैं और जब बच्चे खुश होते हैं तो हम उनका आशीर्वाद लेते हैं। बच्चे दिव्य होते हैं। इस अवसर पर विधायक रिजवान अरशद, पूर्व विधायक हसनब्बा, बीबीएमपी प्रशासक उमाशंकर, बीबीएमपी आयुक्त तुषार गिरिनाथ, बीएमआरडीए आयुक्त राजेंद्र चोलन और अन्य उपस्थित थे।

# ज्ञान कभी नष्ट नहीं होता : राज्यपाल गहलोत

## कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय का 11वें दीक्षांत समारोह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। मानव जीवन के सुधार और पूर्णता में शिक्षा भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। 'या विद्या स विमुक्तये' का अर्थ है कि शिक्षा और ज्ञान हमें मुक्ति की ओर ले जाते हैं। राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने कहा कि शिक्षा और अर्जित ज्ञान किसी से चुराया नहीं जा सकता। वह बेंगलूरु शहर के पुट्टन्ना चेट्टी ऑडिटोरियम में आयोजित कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। संस्कृत भारतीय परंपरा के ज्ञान की भाषा है और इसे कई भाषाओं की जननी माना जाता है। संस्कृत भाषा भारत की आत्मा और विशाल ज्ञान की वाणी है। ऐसा कहा जाता है कि पहले संस्कृत देश भर के शिक्षित लोगों के बीच बातचीत की भाषा थी और हर महत्वपूर्ण विषय पर इसका इस्तेमाल किया जाता था। संस्कृत ने विश्व बंधुत्व और विश्व शांति का संदेश दिया है। वसुदेव कुटुंबकम (ब्रह्मांड एक परिवार है) - कृण्वन्तो विश्वमार्यम (हम पूरी दुनिया को महान बनाते हैं) - सर्वे जनः सुखिनो भवन्तु (सभी खुश रहें) - जननी जन्मभूमि स्वर्गादपि गरीयसी (माँ और मातृभूमि स्वर्ग से भी महान हैं) के संदेश आज भी हैं आज प्रासंगिक. दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन के मुख्य द्वार के ऊपर संस्कृत में लिखा शिलालेख हमें देश की संप्रभुता की याद दिलाता है। उन्होंने बताया कि संसद भवन में कई संस्कृत उद्धरण अंकित हैं, जो दोनों सदनों की कार्यप्रणाली से संबंधित और मार्गदर्शन करते हैं।

नासा के प्रसिद्ध वैज्ञानिक रिक ब्रिग्स ने संस्कृत भाषा की महानता को स्पष्ट किया है, वे संस्कृत व्याकरण का उदाहरण देकर अपने दावे की पुष्टि करते हैं। इस भाषा के विज्ञान का अध्ययन करने के बाद अनुसंधान संस्था नासा ने संस्कृत को कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के लिए सबसे उपयुक्त भाषा माना। नासा में 60 हजार से अधिक संस्कृत पांडुलिपियों के शोध के लिए एक अलग विभाग बनाया गया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका, जर्मनी जैसे कई देश संस्कृत के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट शोध कार्य कर रहे हैं। दो भाषाओं में से, संस्कृत भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल है, लेकिन इसे उत्तराखंड राज्य में दूसरी आधिकारिक भाषा का दर्जा प्राप्त है। संस्कृत मुत्तूर, कर्नाटक में बोली जाने वाली भाषा है। इसके अलावा, संस्कृत देश के कई हिस्सों में आम तौर पर बोली जाने वाली भाषा के रूप में उपयोग की जाती है। देश और दुनिया के कई विश्वविद्यालयों में संस्कृत भाषा पढ़ाई जाती है। उन्होंने कहा कि इस भाषा का ज्ञान रखने वालों का भविष्य बहुत उज्ज्वल होगा।

राज्यपाल ने कहा कि कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय का एक मुख्य उद्देश्य संस्कृत शिक्षा में एकरूपता लाना, छात्रों और शिक्षकों को संस्कृत का अध्ययन करने के अवसर प्रदान करना और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संस्कृत अनुसंधान की गुणवत्ता को बढ़ाना है। दीक्षांत समारोह में धर्म और संस्कृति के प्रचार और संरक्षण के लिए समाज और देश के कल्याण में उत्कृष्ट योगदान के लिए उपलब्धि हासिल करने वालों को मानद उपाधियाँ प्रदान की जाती हैं। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. एम.सी. सुधाकर, दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. एचवी नागराज राव, चांसलर डॉ. अहल्या शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## 'कांग्रेस पार्टी राज्य में दोहरे अंक को पार नहीं कर पाई है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। राज्य की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए को शानदार प्रतिक्रिया दी है। केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा कि राज्य सरकार ने भले ही बहुत बदनामी की हो, लेकिन एनडीए में शामिल बीजेपी से 17 और जेडीएस से दो सीटें जीतकर हम 19 सीटें जीत चुके हैं। मल्लेश्वरम् में भाजपा के राज्य कार्यालय, जगन्नाथ भवन में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने विश्लेषण किया कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी अभी तक राज्य में दोहरे अंक को पार नहीं कर पाई है। उन्होंने बताया कि इस बार उन्हें अधिक लोगों तक पहुंचने के लिए पूरक एमएसएमई, श्रम और रोजगार खाता दिया गया है और उन्होंने मोदी को बधाई दी। उन्होंने बेंगलूरु उत्तर सीट पर जीत दिलाने वाले कार्यकर्ताओं, नेताओं और मतदाताओं को बधाई दी।

एमएसएमई एक ऐसा क्षेत्र है जो बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार देता है। इसकी खेती करनी होगी। मुझे देश के श्रमिकों की समस्याओं को सुलझाने की जिम्मेदारी दी गई है।' उन्होंने घोषणा की कि वह छोटे और मध्यम उद्योगों को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा कि संगठित और असंगठित श्रमिकों की समस्या के समाधान के लिए निर्माण श्रमिकों और विभिन्न क्षेत्रों के श्रमिकों से चर्चा की जा रही है।



**मुलाकात**

शुक्रवार को केन्द्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार बेंगलूरु आगमन पर केन्द्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने बेंगलूरु आगमन पर एयरपोर्ट पर कुमारस्वामी का भव्य स्वागत किया गया। जगह जगह पर उनका लोगों ने रोककर स्वागत किया। बाद में कुमारस्वामी ने अपने पिता और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा एवं अपनी माता का आशीर्वाद लिया।

न्यायालय: अपर जिला न्यायाधीश महोदय, सोजत, दीवानी विविध प्रकरण संख्या-51/2024
प्रार्थी - जितेन्द्र कुमार बनाम
अप्रार्थीगण : पद्माबाई और अन्य

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम सूचना**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी जितेन्द्र कुमार ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उतराधिकार अधिनियम का बाबत् प्रार्थी को अपने पिता स्व. श्री इन्द्रचन्द एवम् दादी स्व. केसर बाई के स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर जो अब स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया एग्रीकल्चर डेवलेपमेन्ट ब्रॉच सोजत रोड़ तहसील सोजत जिला पाली राजस्थान में रखे हुये बैंक लॉकर संख्या 05 के सम्बंध में उतराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र न्यायालय में पेश किया है। इस प्रकरण में किसी व्यक्ति या शख्स को कोई उज्र एतराज है तो इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 24.07.2024 को न्यायालय समय में स्वयं या अपने अभिभाषक के जरिये उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र पेश कर अपना पक्ष रखे, अन्यथा प्रार्थी के पक्ष में उक्त प्रार्थना पत्र की सुनवाई कर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

अतः यह सूचना आज दिनांक 23.05.2024 को न्यायालय की मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

हस्ताक्षर मय मोहर
अपर जिला न्यायाधीश महोदय, सोजत



बेंगलूरु में शुक्रवार को क्वीन्स रोड स्थित केपीसीसी कार्यालय के भारत जोड़ो भवन में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ मंत्रणा की।

## पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जाएगा : डीके शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। उपमुख्यमंत्री और केपीसीसी अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने शुक्रवार को कहा कि वरिष्ठ पार्टी नेताओं की सलाह के अनुसार राज्य में कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर से मजबूत किया जाएगा।

केपीसीसी कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने हमें पार्टी के मूल सिद्धांतों को न छोड़ने की सलाह दी है। हमें पार्टी को जमीनी स्तर से मजबूत करने की भी सलाह दी गई है।

उन्होंने कहा, हमने निगमों और बोर्ड के अध्यक्षों की बैठक बुलाई है, ताकि उन्हें उनके आचरण के बारे में जानकारी दी जा सके। हम उन्हें सलाह देंगे कि लोगों से कैसे बातचीत करनी है, कैसे प्रभावी ढंग से काम करना है।

यह महत्वपूर्ण है कि वे समझदारी से काम करें, क्योंकि कुछ तत्व हमेशा उन्हें फंसाने की कोशिश करेंगे। केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी के इस बयान के बारे में पूछे जाने पर कि पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येडीयुरप्पा बदले की राजनीति का शिकार हो रहे हैं, उन्होंने कहा, हमें बदले की राजनीति करने की ज़रूरत नहीं है। कानून ने अपना काम किया है। मुझे घटनाक्रम की पूरी जानकारी नहीं है और इसलिए मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहूंगा।

वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रमेश कुमार, पूर्व विधान परिषद अध्यक्ष वीआर सुदर्शन, केपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष, राज्यसभा सदस्य जीसी चंद्रशेखर, पूर्व सांसद बीएल शंकर, पूर्व डीसीएम, विधायक लक्ष्मण सावदी, पूर्व मंत्री रानी सतीश, पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ एल हनुमंतैया और अन्य ने भाग लिया।



## 'हिंदी के साथ हमारे स्वाभिमान और राष्ट्रीय एकता का जुड़ाव है'

### हुब्बल्ली नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 75वीं बैठक हुई

हुब्बल्ली/दक्षिण भारत। हुब्बल्ली नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) की 75वीं बैठक गुरुवार को यहां क्षेत्रीय प्रधान कार्यालय में दपरे महाप्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में हुब्बल्ली शहर में स्थित केंद्रीय सरकारी कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंकों एवं सार्वजनिक उपक्रमों के कार्यालय प्रमुख एवं प्रतिनिधि मौजूद थे। हुब्बल्ली नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिरोही ने समिति के अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक/दपरे, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग से आए अनुसंधान अधिकारी, कार्यान्वयन तथा नराकास के सदस्य कार्यालयों के प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों का स्वागत किया। उन्होंने हिंदी के साथ कन्नड़ के प्रचलित शब्दों का प्रयोग करने की बात कही, ताकि आमजन आसानी से समझ सकें।

समिति के सदस्य-सचिव मो. नूरुद्दीन ने नराकास के सदस्य कार्यालयों से प्राप्त राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित रिपोर्टों के आधार पर एक समेकित समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिस पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर समिति के सदस्य कार्यालयों द्वारा राजभाषा के प्रयोग-प्रसार एवं कार्यान्वयन से संबंधित उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाली प्रदर्शनी भी लगाई गई। गृह मंत्रालय की ओर से प्रकाश राम, अनुसंधान अधिकारी कार्यान्वयन कार्यालय (दक्षिण), राजभाषा विभाग, बेंगलूरु भी बैठक में मौजूद थे।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण
चतुर्थ तल, बंगला साहिब मार्ग, काली मंदिर के पीछे
गोल मार्किट, नई दिल्ली-110001

सत्यमेव जयते
AADHAAR

**भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली, लखनऊ एवं तकनीकी केंद्र, बेंगलुरु में विभिन्न पदों को प्रतिनियुक्ति (बाह्य सेवा शर्तों) के आधार पर भरने के लिए रिक्ति परिपत्र।**

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, अपने क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली, लखनऊ एवं तकनीकी केंद्र, बेंगलुरु में निम्नलिखित पदों को प्रतिनियुक्ति (बाह्य सेवा शर्तों) के आधार पर भरने के लिए उपयुक्त और पात्र अधिकारियों से नीचे दिए विवरण के अनुसार आवेदन आमंत्रित करता है:-

| पदों के नाम | क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली | क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ | तकनीकी केंद्र, बेंगलुरु |
|---|---|---|---|
| वरिष्ठ लेखा अधिकारी | 1 | - | - |
| सहायक महानिदेशक (तकनीकी) | - | - | 1 |
| निदेशक | - | 1 | 1 |

आवेदन को निर्धारित प्रपत्र में भरकर सम्बंधित कार्यालय में निदेशक (मानव संसाधन) को अग्रेषित किया जा सकता है। सभी तरह से पूर्ण आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 6.7.2024 है। चूंकि यह रिक्तियाँ प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरी जानी है। अतः गैर-सरकारी अभ्यर्थी पात्र नहीं है।
आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के बाद या अधूरे पाये गए आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। प्रतिनियुक्ति और आवेदन प्रक्रिया के नियम और शर्तों सहित अधिक विवरण, प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं, जिनका उल्लेख नीचे किया गया है:

क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली: https://uidai.gov.in/images/VC_14_2024.pdf
क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ: https://uidai.gov.in/images/VC_15_2024.pdf
तकनीकी केंद्र, बेंगलुरु: https://uidai.gov.in/images/VC_15_2024.pdf

निदेशक (मा. सं.)

अब आधार नामांकन एवं अद्यतन सेवाओं को आधार सेवा केंद्र (एएसके) से भी प्राप्त किया जा सकता है। अपने नजदीकी आधार सेवा केंद्र का पता लगाने के लिए वेबसाइट uidai.gov.in को देखें अथवा हेल्पलाइन 1947 पर कॉल करें।

CBC 54103/11/0017/2425

